प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0

(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/506 दिनांकः 21 नवम्बर, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2022–23 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषय की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं हेतु चैलेंज मूल्यांकन के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध आपकी संस्थानों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित करना है कि सत्र 2022–23 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयो की सम्पन्न हुई परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं के कैरी ओवर विषयो का परीक्षा परिणाम जारी किये जा चुके है।

उक्त परीक्षाओं से सम्बन्धित ऐसे छात्र / छात्रा जो अपनी उत्तर–पुस्तिकाओं का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने के इच्छुक हैं, ऐसे छात्र / छात्रा अपने विषय(यो) का चैलेंज मूल्यांकन का फार्म भरने से पूर्व चैलेंज मूल्यांकन के संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्याः 39298 / 16–1099 / 17 / 2020 दिनांक 11 सितम्बर, 2020 के साथ संलग्नक श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्या ई–7443 / 03–जी0एस0 / 2019(टी0सी0) (छायाप्रति संलग्न) में उल्लिखित / वर्णित गाइड लाईन (मानक निर्देश) के अनुसार आवेदन कर सकते है।

- प्रथम चरण में चैलेंज मूल्यांकन हेतु छात्र को उक्त शासनादेश में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका देखने के लिए प्रति विषय रू 300/– (तीन सौ) मात्र विश्वविद्यालय में ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम से ऑन–लाइन जमा करते हुए दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 तक आवेदन कर सकते है।
- प्रथम चरण में चैलेंज मूल्यांकन हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि के उपरान्त छात्र की डिजिटल मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका छात्र के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दी जायेगी।
- डिजिटल मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त यदि छात्र असंतुष्ट होता है तो छात्र नियत तिथि तक चैलेन्ज मूल्यांकन हेतु निर्धारित शुल्क जमा करते हुए आवेदन कर सकता है।

अतः उक्त से अवगत होते हुए चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन करने हेतु इच्छुक छात्रों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नकः यथोक्त।

21/11/2023
(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार छात्रों का चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा कराने हेतु यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक